**बिहार सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**

संवेदक Dhruv Narayan Mishra, (Reg. No. 1240169) Add:- Ward No 07 Raghunathpur Motihari East Champaran Bihar, Pincode 845401 के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–10010 दिनांक 17.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत किये जाने के विरूद्ध दिनांक 17.11.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

05/12/2025

## आदेश

याचिकाकर्त्ता / संवेदक Dhruv Narayan Mishra, Add:- Ward No 07 Raghunathpur Motihari East Champaran Bihar, Pincode 845401 एवं विभाग की ओर से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिकहरना ढाका उपस्थित।

प्रस्तुत मामला MMGSY (AWSESH-SC) योजनान्तर्गत कार्य प्रमंडल, सिकहरना ढाका के अधीन Package No.- MMGSY (AWSESH-SC)- Sikharna Dhaka-166 (Tender Id-2025_RWD_141146_1) की निविदा में संवेदक Dhruv Narayan Mishra, (Reg. No. 1240169) द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण–पत्र जाली / फर्जी होने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में विहित प्रावधान के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक ज्ञापांक–10010 दिनांक 17.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने से संबंधित है।

उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 17.11.2025 को अपना अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया।

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त विवरणी निम्नवत है :–

1. प्रश्नगत निविदा में संवेदक द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, अरेराज द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न किया गया है।
2. उक्त अनुभव प्रमाण–पत्र के संबंध में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, अरेराज द्वारा सूचित किया गया है कि उक्त अनुभव प्रमाण–पत्र में भगत टोला से एल041 पथ का कुल कार्य समाप्ति का भुगतान मो0 87,75,144 / रू0 का कार्य किया गया है, जबकि संवेदक के द्वारा उक्त अनभुव प्रमाण–पत्र के कागजात में Tempering कर मो0 97,75,144 /– रू0 बनाया गया है।
3. तदालोक में संदर्भित निविदा में फर्जी अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित करने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में निहित प्रावधान के तहत विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक–10010 दिनांक 17.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया गया है।
4. उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 17.11.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया कि कार्य प्रमंडल, सिकहरना ढाका एवं कार्य प्रमंडल, अरेराज द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण है। दोनो अनुभव प्रमाण–पत्र वैद्य एवं सहीं है।

संदर्भित निविदा में कार्य प्रमंडल, सिकहरना ढाका से निर्गत अनुभव प्रमाण के स्थान पर एवं कार्य प्रमंडल, अरेराज का अनुभव प्रमाण पत्र भूलवश अपलोड हो गया।

(118)

संवेदक द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के क्रम में संदर्भित निविद। में फर्जी कागजात समर्पित किये जाने के संबंध में क्षमायाचना करते हुए तथा इसकी पुनरावृत्ति नहीं किये जाने का आश्वासन दिया गया।

वर्णित तथ्यों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त Dhruv Narayan Mishra, (Reg. No. 1240169) द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत करते हुए **विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक 10010 दिनांक 17.09.2025** द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए की गयी कालीकृत (Blacklist) किये जाने के आदेश को यथावत रखा जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

05/12/2025
(सरवणन एम.)
सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–180 / 2025 12463 / पटना, दिनांक– 11.12.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.12.2025
(प्रभाष चन्द्र सिंह 'प्रबल')
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–180 / 2025 12463 / पटना, दिनांक– 11.12.25

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.12.2025
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–180 / 2025 12463 / पटना, दिनांक– 11.12.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

10.12.2025
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–180 / 2025 12463 / पटना, दिनांक 11.12.25

निबंधत

प्रतिलिपिः– संवेदक Dhruv Narayan Mishra, Add:- Ward No 07 Raghunathpur Motihari East Champaran Bihar, Pincode 845401 को सूचनार्थ प्रेषित।

10.12.2025
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–180 / 2025 12463 / पटना, दिनांक– 11.12.25

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.12.2025
सरकार के उप सचिव